newsjankalyanseva@gmail.com www.jksnews.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १५ | १ से ७ मई २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## नोकझोक और हत्या

हत्या अपने आप में एक जघन्य अपराध है और ऐसी वारदात के बाद जांच के क्रम में इसके कारणों की खोज को सबसे अहम पहलू माना जाता है। लेकिन इससे त्रासद और क्या होगा कि राह चलते बिल्कुल साधारण बातों पर भी कुछ लोग किसी पर जानलेवा हमला या फिर पीट-पीट कर उसकी हत्या तक कर देते हैं।खासकर शहरों-महानगरों में आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिनमें वाहन चलाते हुए बेहद मामूली बात पर भी लोग आपस में भिड़ जाते हैं और उसमें हुई मारपीट के क्रम में कई बार किसी की जान चली जाती है। गौरतलब है कि दिल्ली के रणजीतनगर इलाके में शनिवार को देर रात सामान पहुंचाने वाले एक स्कूटी सवार युवक की दो अन्य युवकों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी, क्योंकि उसके वाहन को रास्ता देने को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। क्या यह कोई ऐसा कारण हो सकता है कि इतने भर के लिए हत्या जैसी घटना हो जाए ? बल्कि होना यह चाहिए कि राह चलते आमने-सामने होने पर एक-दूसरे के साथ सद्भाव से पेश आया जाए तो रास्ता देना कोई मसला बनेगा ही नहीं। मगर आज हालत यह हो चुकी है कि अनदेखी करने वाली किसी बात पर भी कोई इस तरह आक्रामक हो उठता है, जिसके बाद विवाद की शक्ल बिगड़ने लगती है और सड़क पर बेलगाम मारपीट शुरू हो जाती है। यानी जिस बात पर सिर्फ चंद पल धीरज रख लिया जाए, तो किसी की गलती होने पर भी आसान-सा हल निकल आएगा, उसमें नाहक ही किसी की जान चली जाती है, तो दूसरा हत्यारा बन कर कानून के कठघरे में खड़ा होता है। अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिसमें सड़क पर सफर करते हुए कोई वाहन हल्का-सा किसी अन्य से छू जाए, रास्ता बाधित हो जाए, तो दोनों पक्ष दूसरे को गलत साबित करना और वहीं उस पर हमला करना प्राथमिक और अंतिम उपाय मान लेते हैं। ऐसा लगता है कि झगड़े के वक्त आक्रोश में व्यक्ति होश और अपने ऊपर लगाम खो देता है और उसके बाद सही-गलत या उचित-अनुचित पर विचार तक नहीं कर पाता। मानो किसी दौरे का शिकार होकर वह सिर्फ अपने सामने वाले पर हमला करता है और उसे ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। सवाल है कि सड़क पर वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति ऐसे अहं से कैसे और क्यों भर जाता है कि बेहद मामूली बात का सद्भावपूर्ण का हल निकालने में अक्षम हो जाता है। इतनी कुंठा उसके भीतर कहां से भर जाती है, जो किसी नाजुक मौके पर बेलगाम होकर बाहर निकलती है और किसी निर्दोष की भी जान चली जाती है। इस स्तर तक विवेक के क्षरण की स्थिति में व्यक्ति न केवल दूसरों के लिए, बल्कि कई बार खुद के लिए भी घातक हो जाता है। सभ्य बर्ताव, विवेक और धीरज का उपयोग करने की जरूरत को समझना क्या इतना मुश्किल है कि कोई व्यक्ति राह चलते नाहक ही या तो किसी पर जानलेवा हमला कर देता है या फिर खुद अपनी जान को खतरे में डाल लेता है ? जबकि सड़क पर यातायात नियमों के मुताबिक वाहन चलाते हुए सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की होती है कि मन को शांत और धीरज बनाए रखा जाए। सिर्फ इतने भर से दूसरों के साथ-साथ अपने लिए भी सुरक्षित सफर सुनिश्चित किया जा सकता है।

## अवैध स्कूलों पर राज्य सरकार का शिकंजा

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर:** मीरा भायंदर महानगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अवैध स्कूलों की खोज करने की जिम्मेदारी मनपा स्कूल के शिक्षकों को सौंपी गई है. इस कार्य में शहर के नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील शिक्षण अधिकारी ने की है. राज्य में अवैध स्कूलों की खोज कर उन पर कार्रवाई करने का सख्त आदेश शिक्षा विभाग को दिया गया है. मीरा भायंदर मनपा के शिक्षा विभाग में शिक्षण अधिकारी के अतिरिक्त सभी महत्वपूर्ण पद अभी रिक्त है. अवैध स्कूलों की खोज शीघ्र करने का





निर्देश राज्य के शिक्षा विभाग ने दिया है. किसी अवैध स्कूल के बारे में जानकारी मिले तो शिक्षण विभाग से संपर्क कर उसे अवश्य बताएं, ऐसी अपील शिक्षण अधिकारी सोनाले माटेकर ने की है. बता दें कि मीरा भायंदर शहर में निजी और सरकारी ऐसे कुल ३७० स्कूल हैं. शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए अवैध स्कूलों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है. कई स्कूल बिना अनुमति लिए अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं. ऐसे अवैध स्कूलों पर अंकुश रखने का आदेश राज्य सरकार ने महानगरपालिका को दिया है.

## केबल व्यापारी राजीव मेहरा के घर पर हुई चोरी

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड: कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक राजीव मेहरा के घर के टैरेस का दरवाजा तोडकर अज्ञात चोर घर में रखे ७० लाख रुपए नगद तथा १२ हजार रुपए मूल्य के जेवर चुरा ले गए थे। मीरा रोड-पूर्व के शीतल नगर स्थित अपने घर का दरवाजा बंद कर सोमवार की सुबह १० बजे से रात के ८ बजे तक मेहरा किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरी की यह घटना घटी थी, जिसकी शिकायत उन्होंने मीरा रोड पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। इसकी समानांतर जांच क्राइम ब्रांच और काशीमीरा यूनिट १ के पुलिस अधिकारी कर रहे थे। क्राइम ब्रांच और काशीमीरा यूनिट १ के पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को वारदात के १२ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की नगदी व सोने की बाली, चांदी के कॉइन पुलिस ने बरामद किए हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच पुलिस उपायुक्त (अपराध) अविनाश अंबुरे, सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) अमोल मांडवी के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच तथा काशीमीरा यूनिट-१ के पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे, सहायक पुलिस निरीक्षक कैलाश टोकले, पुष्पराज सुर्वे आदि कर रहे थे। पकडा गया आरोपी नगरसेवक मेहरा के साथ करीब कई वर्षों से जुडा हुआ था।



## कॉंग्रेस के उम्मीदवार हंपी गौडा को जिताने में मुजफ्फर हुसैन ने झोंकी ताकत

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड :** अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के सदस्य, माजी आमदार मुझफ्फर हुसैन को केंद्रीय नेतृत्व में १० मई को होने जा रहे कर्नाटक विधानसभा चुनाव में रायचूर जिले के सिद्धनौर विधानसभा के लिए केंद्रीय निरीक्षक नियुक्त किया है. हुसैन प्रचार सभा, रॅली, नुक्कड सभा में सहभागी होकर अपने पार्टी के उम्मीदवार का प्रचार कर रहे है. राष्ट्रीय महासचिव एच. के पाटील, सचिव बी.एम. संदीप से मिलकर चुनाव नीति पर चर्चा किया. कॉंग्रेस उम्मीदवार हंपी गौडा , जिल्हा, ब्लॉक कॉंग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी, जिल्हा परिषद, पंचायत समिती के सदस्योंको मार्गदर्शन कर रहे है. महाराष्ट्र की राजनिती में मुझफ्फर हुसैन का बडा योगदान है, उनका राजकीय अनुभव देखकर उन्हे यह जिम्मेदारी सोपी है. भूतपूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौडा की जनता दल ( सिक्युलर) एवं कॉंग्रेस यह दो राजनीतीक दलो में इस मतदार संघ में टक्कर है, भाजप उम्मीदवार तिसरे स्थान पर रहने की संभावना है. कर्नाटक के ५८- सिद्धनौर विधानसभा मतदारसंघ में थोडा शहरी और ज्यादा तर ग्रामीण इलाका है, दो लाख चालीस हजार मतदार है, १०७ गांव ८० ग्रामपंचायत है. कॉंग्रेस के उम्मीदवार हंपी गौडा भारी मतों से विजयी होंगे ऐसा विश्वास माजी आमदार मुझफ्फर हुसैन के जताया है.





## जनता के समक्ष झुकी मनपा, कर वृद्धी को लेकर

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर महानगर पालिका ने घोषणा की है कि उसने प्रस्तावित कर वृद्धि को रद्द कर दिया है. इससे शहरवासियों को बडी राहत मिली है। मीरा-भायंदर महानगर पालिका ने राजस्व बढाने के लिए चालू वित्त वर्ष में विभिन्न कर दरों में वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। इसमें १० प्रतिशत रोड टैक्स, १० से १५ प्रतिशत जल आपूर्ति लाभ कर, आधा प्रतिशत अग्निशमन सेवा कर आदि का प्रस्ताव था। इस संबंध में प्रशासन ने २८ मार्च को एक प्रशासनिक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बताया गया कि इस कर वृद्धि से मनपा की वित्तीय आय में वृद्धि होगी। हालांकि, इस कर वृद्धि का विभिन्न दलों ने विरोध किया था। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने इसके खिलाफ कोर्ट में जाने की चेतावनी दी थी, वहीं विधायक गीता जैन ने भी सरकार से टैक्स बढोतरी रद्द करने की मांग की थी. टैक्स बढोतरी को रद्द नहीं करने पर भाजपा और कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस बढ़ते विरोध की पृष्ठभूमि में कमिश्नर दिलीप ढोले ने विशेष बैठक बुलाई। कमिश्नर दिलीप ढोले ने कहा कि इस बैठक में नागरिकों को राहत देने के लिए किसी भी रूप में टैक्स नहीं बढाने का निर्णय लिया गया है।



## आगामी मानसून के चलते मनपा ने दिया आदेश नालों की सफाई करें



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, मीरा-भायंदर महानगर पालिका आयुक्त प्रशासक दिलीप - ढोले की अध्यक्षता में आपातकालीन व्यवस्था तथा मानसून पूर्व समीक्षा बैठक हुई. मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे इसके लिए अभी से आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय योजना करने के निर्देश प्रशासक ढोले ने दिया, जिसमें सडकों को गड्डा मुक्त करने, गटर के मेन होल कवर करने, नालों की साफ-सफाई, टूटे हुए ढक्कन बदली करने, जहां निर्माण कार्य हो रहे हो उसकी चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से जाली व दुर्घटना प्रतिबंधक उपाय करने, बरसात के दिनों में सडक की सिंगल यंत्रणा नियमित रखने और प्राकृतिक नाले की समय पर सफाई पूर्ण करने और पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्निशमन केंद्र के पास आपातकालीन नियंत्रण कक्ष शुरू करने आदि के निर्देश दिए. बैठक में अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, अनिकेत मानोरकर, मारुति गायकवाड, रवि पवार, कल्पिता समेत संबंधित लोग मौजूद थे.

## डबल पैसे के लालच में व्यापारी हुआ ठगी का शिकार

भायंदर : भाईंदर में एक स्टील एक्सपोर्टर व्यापारी और प्रॉपर्टी डीलर से नगद के बदले विदेशी पे बाई नियर वॉलेट ॲप के जरिये दोगुने पैसे करने का झांसा देकर उसके साथ ३० लाख रुपये की ठगी की गयी. इसमें रिजर्व बैंक और विदेशी बैंकों के फर्जी ई-मेल आईडी का भी इस्तेमाल किया गया है। जब व्यवसायी को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने भाईंदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। भाईंदर-पश्चिम में नवरंग होटल के बगल वाले कमलापार्क के बंगले में रहने वाले और भाईंदर-पूर्व में स्टील भांडी एक्सपोर्ट और रियल एस्टेट का कारोबार करनेवाले ४५ वर्षीय रवि




कांतिलाल मेहता द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, भूषण मांडवाकर, जो मेहता के रियल एस्टेट के कारोबार में दस्तावेजों पर काम देखते हैं, ने सूचित किया कि उसके मित्र के पास धन दुगना करने की योजना है। इसके बारे में और जानकारी लेते हुए कहा गया कि पे बाई नियर वॉलेट नाम के ऐप के ३० लाख रुपये भरने के बाद अगले दिन ५४ लाख रुपये मिल जाएंगे. उसके लिए करण रजोरा और राहुल गायकवाड नाम के दो लोग उससे मैक्सस मॉल के फूड कोर्ट में मिले और स्कीम समझायी. उसके मुताबिक पहले ५ लाख नगद देने पर उस ॲप पर अकाउंट खुल जायेगा और दूसरे दिन आपको पैसे ॲप के द्वारा आपके अकाउंट में आ जायेगा और २५ लाख उसके बाद नगद देना था। ५ लाख देने के बाद उसे ३.५० लाख दूसरे दिन ॲप अकाउंट में शो होने लगा। मेहता को विश्वास हो गया और कुछ दिन बाद मेहता ने २५ लाख रुपए नकद भूषण मांडवाकर के हाथों करण रजोरा और राहुल गायकवाड को उनके अँधेरी ऑफिस में भेजवा दिया। लेकिन कुछ दिनों तक रुपये नहीं मिलने पर रवि मेहता ने रुपये वापस मांगे. इससे बचने के लिए आरोपियों ने रिजर्व बैंक और डीबीएस बैंक की फर्जी ई-मेल आईडी तैयार की, और मेल करते रहे। कुछ दिनों बाद रवि ने फ़र्ज़ी ईमेल भांप लिया और भाईंदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने जांच कर करण रजोरा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि राहुल गायकवाड की तलाश जारी है। रवि मेहता ने बताया कि जब मेरी प्रॉपर्टी में काम करने वाले एक विश्वस्त व्यक्ति ने मुझे इस योजना के बारे में बताया तो मुझे लगा कि यह फर्जी है. इसके बाद उन्होंने मुझे दो लोगों से मिलवाया। उसने मुझे बताया कि वह इससे पहले भी लोगों का पैसा दोगुना कर चुका है, इसलिए मैंने पैसे दे दिए. भाईंदर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुकुटराव पाटील ने बताया कि हमने इस मामले में शिकायत दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से अभी तक कोई बरामदगी नहीं हुई है। इस मामले में आगे की जांच पुलिस निरीक्षक सागर तिलेकर द्वारा की जा रही है।

# गार्डन की जगह पर अवैध-ढंग से बनाये गए , रो हाऊस के हिस्से पर प्रशासन नहीं कर रही है कार्रवाई



वाड़ा। पालघर जिला अंतर्गत वाड़ा तहसील के अंभई ग्रामपंचायत अंतर्गत खुटल गांव में जिसका ' रो हाऊस सर्वे नंबर ५१४/१ मून विलेज ' के मालिक विकासकर्ते मनन हसमुख खख्खर, उनके पिता हसमुख खख्खर भ्रष्ठ-अधिकारियों की मिलीभगत से ' गार्डन की जगह ' पर ' अवैध-ढंग से कब्ज़ा करके जबरन उस पर ग्राऊंड प्लस वन कुल १४०० स्क़वेयरफुट यानी १३०.११ चौरस मीटर की जगह को पक्का ईंट बांधकाम कर रो हाउस ' बनाया है। जिस अवैध-निर्माण की शिकायत स्थानीय अन्य रो हाऊस मालिकों जिनमें प्रकाश जैन, उषा जैन, विजय पारिख, निशा पारिख, छाउला झवेरी, शिल्पा मेहता, प्रकाश दीक्षित ने ' ग्रुप ग्रामपंचायत अंभई-खुटल गांव, तहसील वाडा, जिला-पालघर समेत तहसीलदार, वाडा व पालघर जिलाधिकारी एवं जिलादंडाधिकारी, पालघर ' से की है। लेकिन, ख़बर लिखे जाने तक ' वाडा-प्रशासन ने इस संदर्भ में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामले से संबंधित सबसे पहले शिकायत दिनांक १२/०९/२०२३ को अर्जदार शिल्पा अक्षय मेहता ने ग्रामपंचायत अधिकारी , अंभई समेत ' जिलाधिकारी, पालघर एवं तहसीलदार वाडा ' को लिखित में शिकायत अनधिकृत बांधकाम के चित्रों के साथ की थी लेकिन, स्थानीय ग्राम-पंचायत के अधिकारियों ने इस संदर्भ में ध्यान नहीं दिया और उक्त गार्डन की जगह पर भ्रष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध-निर्माण होता गया। उक्त अवैध-बांधकाम की जांच कर ' उस पर उचित कार्रवाई करने के आदेश समय-समय पर जिलाधिकारी एवं जिलादंडाधिकारी, पालघर ने तहसीलदार, वाडा ' ने दिए हैं। तहसीलदार, वाडा ने उक्त अवैध-बांधकाम के संदर्भ में मंडल-अधिकारी एवं तलाटी को ' निर्देश ' दिए हैं। मंडल अधिकारी एवं तलाटी ने अपनी सर्वे रिपोर्ट तहसीलदार, वाड़ा को सुपुर्द कर दिया है इसके बावजूद, विकासकर्ते मनन हसमुख खख्खर, उनके पिता हसमुख खख्खर के अवैध-बाँधकाम पर ग्रामपंचायत के तोड़ूदस्ते के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। हांलाकि, तलाटी के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार वाड़ा ने विकासकर्ते हसमुख खख्खर को इस संदर्भ में जवाबतलब करने के लिए ' नोटीस ' दिया था। ' नोटीस ' के जवाब में विकासकर्ते हसमुख खख्खर ने तहसीलदार , वाड़ा को लिखित में अपना जवाब भी सादर किया। जिसमें विकासकर्ते हसमुख ने अपनी सफाई में कहा है कि, ' ३० गुणे २० मोजमाप के अधिक बांधकाम अपने जमीन में किया है उन्होंने किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया है। ' लेकिन, अर्जदारों का कहना है कि, विकासकर्ते एवं भ्रष्ठ-अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त अवैध-निर्माण हुवा है जिसे अब प्रशासन तोड़ नहीं रही है। इस संदर्भ में पुन: दिनांक २७/०४/२०२३ को मंडल अधिकारी, कार्यालय-कंचाड, तहसील-वाड़ा समेत जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित में संयुक्त रूप से लिखित में गार्डन की जगह पर बने उक्त रो-हॉउस के अवैध-ढांचे को ध्वस्त करने हेतु लिखित में पत्र दिया है।

# मिरा भाईंदर में भव्य महारोजगार मेला का आयोजन संपन्न

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भाईंदर: शहर के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मीरा भाईंदर शहर की विधायक गीता जैन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय महारोजगार मेला सोमवार को सालासर सेंट्रल पार्क, एसके स्टोन लॉन, मिरारोड पूर्व में प्रात: १०:०० बजे से सायं ५:०० बजे तक आयोजित किया गया। इस महारोजगार मेले में ४७ बेरोजगारों को उनकी पात्रता के अनुसार मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराया गया है और लगभग ४०० से अधिक अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार दूसरे चरण के साक्षात्कार के लिए पत्र दिया गया । उक्त महारोजगार मेले के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए विधायक गीता जैन ने सर्वप्रथम राज्य के कौशल एवं रोजगार मंत्री मंगलप्रभात लोढा को इस मेले के आयोजन में बहुमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी युवाओं से इस बात का लाभ उठाने की अपील की उक्त सभा में नौकरी के साथ-साथ उद्योग कौशल की जानकारी भी दी जाएगी। विधायक गीता जैन ने बताया कि इस महारोजगार मेले में लगभग ४५ कंपनियों ने भाग लिया और कुल ३००० युवाओं ने अपना नाम दर्ज कराया है। उद्घाटन समारोह में मीरा भाईंदर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि व्यास, दरोगाजी पांडे, सुरेश खंडेलवाल, विजय राय, अश्विन कसोदरिया, किरण सिंह, नारी शक्तिकरण फाउंडेशन के निदेशक, कौशल रोजगार मंत्री के ओएसडी कौशल विकास विभाग के रमाकांतजी कांसे, आशितोष साली भी उपस्थित थे।

# पालघर में सांपों से बिच्छुओं की होड़ ! सालभर में सर्पदंश के १,६०९ तो बिच्छू काटने के १,१६२ मामले हुए दर्ज

पालघर : सांप, बिच्छू और दूसरे जहरीले जीवों के कारण पालघर जिले के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। खासतौर पर बिच्छुओं और सांपों के कारण। आंकड़ों के आधार पर बात करें तो यहां बिच्छू, सांपों से होड़ करते दिख रहे हैं। सर्पदंश के साथ-साथ लोग बिच्छू के काटने से भी परेशान हो रहे हैं। बता दें कि पालघर जिले में लोगों को सर्पदंश और बिच्छू की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। आमतौर पर ग्रामीण इसके शिकार बनते हैं। जिनमें खेत में काम कर रहे किसान और मैदान में खेल रहे बच्चे ज्यादातर शामिल होते हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के अनुसार, जिले भर में १,६०९ लोगों को सांप ने काटा है और १,१६२ लोगों को जहरीले बिच्छुओं ने अपना शिकार बनाया है। लेकिन गनीमत रही कि इनमें से किसी की मौत नहीं हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, सर्पदंश के सबसे ज्यादा मामले जव्हार तालुका के साखरशेत



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आए हैं। यहां १४९ लोगों को सांप ने काटा। इसी तरह से डहाणू तालुका के सायवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में १४१ लोगों को सांप के काटने की घटनाएं दर्ज की गईं। वाड़ा तालुका के कुडुस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ८८, विक्रमगढ़ के तलवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ८५, जव्हार तालुका के जामसर स्वास्थ्य केंद्र में सांप काटने की ८१ घटनाएं दर्ज हैं। सर्वाधिक २६५ बिच्छुओं के डसने की घटनाएं वाड़ा तालुका के खानिवली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दर्ज की गई हैं। इसी तरह विक्रमगढ़ तालुका के मलवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में १०३, जव्हार तालुका के साखरशेत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ८१ और जामसर स्वास्थ्य केंद्र में ७१ बिच्छुओं के डंक मारने के मामले दर्ज हुए हैं। सर्पदंश का तुरंत इलाज नहीं किया जाए तो उससे पीड़ित की जान भी जा सकती है। सांप काटने पर सबसे जरूरी है कि उसके लक्षणों की पहचान करना। यदि किसी को सांप काट ले तो पीड़ित इंसान को थोड़ा ज्यादा घी खिलाकर उसे उल्टी करवा दें ताकि जहर अंदर नहीं फैल सके। पीड़ित इंसान को १०-१५ बार गुनगुना पानी पिलाएं और उसे उल्टी करने को कहें। इससे सांप के जहर का असर कम होगा। आप लहसुन को पीसकर उसमें शहद मिलाकर प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं। सांप काटने पर तबीयत बिगड़ने का इंतजार न करें, बल्कि इमरजेंसी ट्रीटमेंट के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल नहीं हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें। सांप के काटने के समय का ध्यान रखें।

# भाईंदर पश्चिम में गैस लीकेज, भगदड़ मची

निसं, मीरा-भाईंदर : शुक्रवार को भाईंदर पश्चिम में स्टेशन रोड के पास गैस लीकेज होने से अफरातफरी मच गई। लीकेज का पैमाना इतना ज्यादा था कि पूरे परिसर में भगदड़ मच गयी। स्थानीय निवासी और प्रत्यक्षदर्शी गौरांग कंसारा ने बताया कि मनपा द्वारा सीवेज का काम चल रहा था, इसी दौरान एक गैस पाइप से लीकेज होने लगा। समय रहते पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक को वहां से डाइवर्ट किया और गैस के लीकेज को नियंत्रित किया। गैस नियंत्रित होने से किसी प्रकार का कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

